22. अलंकार

सामान्य अर्थ में अलंकार का अर्थ होता है गहना या आभूषण जिनके द्‌वारा सौंदर्य को बढ़ाया जाता है। व्याकरणिक दृष्टि से अलंकार भाषा के सौंदर्य को बढ़ाने वाले शब्द या शब्द समूह होते हैं।

शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को अलंकार का महत्त्व तथा उपयोगिता के बारे में समझाएँ।
- पृष्ठ 170 पर दी पंक्तियों द्‌वारा भाषा के सौंदर्य को बढ़ाने वाले इन अलंकारों को विस्तार से समझाएँ।
- अलंकार की परिभाषा बताएँ।
- अलंकार के दोनों भेदों को स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- समझाएँ, भाषा का सौंदर्य शब्दों एवं अर्थों में छिपा होता है। इसी आधार पर अलंकार के दो भेद शब्दालंकार तथा अर्थालंकार होते हैं।
- पृष्ठ 171-173 पर दिए इन भेदों को उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट करें।
- सुनिश्चित करें छात्र समझ पा रहे हैं।
- 'अब तक हमने सीखा' द्‌वारा विषय की दोहराई करवा लें।